छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

सितंबर-अक्टूबर 2022 | वर्ष-19 | अंक - 05



राज्योत्सव में ऊर्जा विभाग की प्रदर्शनी को मिला द्वितीय पुरस्कार

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

सितंबर-अक्टूबर 2022 | वर्ष-19 | अंक - 05



## संरक्षक



**श्री अंकित आनंद (IAS)**
अध्यक्ष



**श्री एन. के. बिजौरा**
प्रबंध निदेशक
(जनरेशन)



**श्रीमती उज्जवला बघेल**
प्रबंध निदेशक
(ट्रांसमिशन)



**श्री मनोज खरे**
प्रबंध निदेशक
(डिस्ट्रीब्यूशन)

**संपादक**

**गोविंद पटेल**
प्रबंधक (जनसंपर्क)

सह संपादक : अनामिका मण्डावी

छाया : संजय टेम्बे, सहयोग : प्रसन्न दुबे

▪ फोन: 0771-2574702 ▪ E-mail: procsphcl@gmail.com

# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी

## प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवम्बर 2000 | सितंबर 2022 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 2840 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.7 मेगावॉट |
| कुल ताप , जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 2978.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | ....... | 1618.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेन्द्रों की संख्या | 27 नग | 129 नग |
| अति उच्चदाब उपकेन्द्र | 5205 सर्किट कि मी | 13617 सर्किट कि मी |
| 33/11 केव्ही उपकेन्द्रों की संख्या | 248 नग | 1337 नग |
| 33 केव्ही लाइनों की लंबाई | 6,988 सर्किट कि मी | 23,922 सर्किट कि मी |
| 11/04 केव्ही उपकेन्द्र की संख्या | 29,692 नग | 2,08,439 नग |
| 11 केव्ही लाईनों की लम्बाई | 40,556 कि .मी | 1,26,832 कि .मी |
| निम्नदाब लाइनों की लम्बाई | 51,314 कि .मी | 2,17,980 कि .मी |
| निम्नदाब उपभोक्ताओं की संख्या | 18,90,998 | 61,01,005 |
| उच्चदाब उपभोक्ताओं की संख्या | 530 | 3,449 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या (प्रावधिक) | 73,369 | 4,98,738 |



# राज्योत्सव में ऊर्जा विभाग को मिला द्वितीय पुरस्कार

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में ऊर्जा विभाग की प्रदर्शनी को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ऊर्जा विभाग के सचिव व पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (IAS) को प्रदान किया।

साइंस कालेज मैदान में आयोजित राज्योत्सव में ऊर्जा विभाग की प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री श्री बघेल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों के मॉडल का निरीक्षण किया। चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने उन्हें विद्युत विकास के चलित मॉडल की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने मौके पर ही हाफ बिजली बिल योजना से मिली छूट का प्रमाण पत्र नगरीय प्रशासन मंत्री श्री शिव डहरिया को प्रदान किया। मुख्यमंत्री के साथ वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री हेमंत वर्मा, प्रमुख सचिव श्री अमिताभ जैन, डीजीपी श्री अशोक जुनेजा, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशकगण श्री एनके बिजौरा, श्रीमती उज्जवला बघेल, श्री मनोज खरे, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकर (क्रेडा) के सीईओ श्री आलोक कटियार विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रदर्शनी के नोडल अधिकारी श्री मनोज वर्मा ने बताया कि ऊर्जा विभाग के डोम में पॉवर कंपनी के साथ क्रेडा, विद्युत निरीक्षालय की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें चलित मॉडल भी प्रदर्शित किए गए हैं,जिसमें विद्युत के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई है। साथ ही प्रदेश में हो रहे विद्युत विस्तार के मॉडल भी लगाए गए हैं। प्रदर्शनी में नए कनेक्शन के लिए मिस्ड कॉल नंबर 74040-40625, केंद्रीय कॉल सेंटर 1912, कृषि पंपों के ऊर्जीकरण सहित उपभोक्ता सेवा सुविधाओं की जानकारी दी गई।















# राज्योत्सव में ऊर्जा विभाग की प्रदर्शनी की झलकियां



हाफ बिजली बिल योजना से मिली छूट की राशि का उपभोक्ताओं को तुरंत प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इसका अवलोकन करते हुए छत्तीसगढ़ विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री हेमंत वर्मा एवं पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद।



ऊर्जा विभाग की प्रदर्शनी में विद्युत विकास के मॉडल रखे गए थे, जिसका अवलोकन करते हुए प्रबंध निदेशकगण श्री एनके बिजौरा(जनरेशन), श्रीमती उज्जवला बघेल (ट्रांसमिशन) एवं श्री मनोज खरे (डिस्ट्रीब्यूशन)।



प्रदर्शनी में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण कंपनी के विकास कार्यों के चलित मॉडल रखे गए थे, जिसका अवलोकन करने दर्शकों की काफी भीड़ रही।



प्रदर्शनी में विद्युत संबंधी सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिसके विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए प्रबंध निदेशक (वितरण) श्री मनोज खरे।



# जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक बने श्री संजीव कुमार कटियार

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी का प्रबंध निदेशक श्री संजीव कुमार कटियार को नियुक्त किया गया है। राज्य शासन के ऊर्जा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं, जिसके पश्चात् श्री कटियार ने 1 दिसंबर 2022 को पॉवर कंपनी के डगनिया मुख्यालय स्थित सेवा भवन में शाम को प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया। श्री कटियार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सस्ती दर पर बिजली उत्पादन की रहेगी, इसके लिए जनरेशन कंपनी में सतत् दक्षता विकास के कार्यों पर फोकस किया जाएगा।

श्री कटियार हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में कार्यपालक निदेशक के रूप में पदस्थ थे। नए आदेश के बाद वे प्रबंध निदेशक नियुक्त किये गए हैं। उनके पूर्व प्रबंध निदेशक के रूप में श्री एन.के. बिजौरा सेवारत थे। श्री कटियार ने प्रबंध निदेशक पद पर नियुक्ति हेतु राज्य



शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की रीति-नीति के अनुरूप विद्युत गृहों में दक्षतापूर्वक सतत् विद्युत उत्पादन पर जोर दिया जाएगा। नवनियुक्त प्रबंध निदेशक श्री कटियार ने बी.ई. मेकेनिकल की शिक्षा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर से प्राप्त की और 17 फरवरी 1983 को मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में सहायक अभियंता प्रशिक्षु के रूप में अपनी सेवायें आरंभ की। इसके उपरांत हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के संचालन में अपनी सेवायें देते हुए 210 मेगावॉट की प्रथम यूनिट के सिंक्रोनाईजेशन में आपने महती भूमिका का निवर्हन किया। 1996 तक विभिन्न इकाईयों में पदस्थापना पर पूरी निष्ठा एवं लगन से आपने अपने कार्यों को अंजाम दिया। विद्युत मंडल मुख्यालय जबलपुर में पदस्थापना के दौरान बाण सागर जल विद्युत परियोजना के निर्माण तथा क्रियान्वयन में आपकी महती भूमिका रही है।

सेवायात्रा में आगे बढ़ते हुए वर्ष 2018 में पदोन्नति उपरांत अतिरिक्त मुख्य अभियंता परियोजना (क्रय एवं कार्य) के पद पर अपनी सेवायें दी। 25 नवम्बर 2021 को मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति उपरांत कोरबा पश्चिम में मुख्य अभियंता (उत्पादन) के पद पर पदस्थ किये गये। श्री कटियार 7 सितंबर 2022 से अब तक कार्यपालक निदेशक के पद पर हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में पदस्थ थे।

# गिरवानी उपकेंद्र में नए ट्रांसफार्मर से क्षमता हुई 446 मेगावाट



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा प्रदेश में बढ़ती हुई विद्युत मांग की सतत् आपूर्ति बनाये रखने हेतु अनेक कारगर कदम उठाये गये हैं। अतिउच्चदाब उपकेन्द्रों में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों की स्थापना के साथ ही लाईनों का सुदृढ़ीकरण तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में रायगढ़ के गिरवानी में स्थापित 220/132 के.व्ही. अतिउच्चदाब उपकेन्द्र में 160 एमव्हीए क्षमता का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत करने में एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पावर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्ज्वला बघेल के करकमलों से इसे 20 अक्टूबर 2022 को ऊर्जीकृत किया गया।



इस उपकेंद्र की क्षमता पहले 286 एमवीए थी। 160 एमवीए के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगने से क्षमता बढ़कर 446 एमवीए हो गई है। औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां लोड अधिक था, गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिये यह अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इस कार्य में लगभग 9.29 करोड़ रूपये का व्यय हुआ है। इससे रायगढ़ जिले के 160 गावों सहित उद्योगों को समुचित वोल्टेज पर बिजली आपूर्ति करने में सहायता मिलेगी। ऊर्जीकरण किए जाने के अवसर पर कार्यपालक निदेशक सर्वश्री कैलाश नारनवरे, संदीप गुप्ता, मुख्य अभियंता श्री के.एस. रामाकृष्णा, अधीक्षण अभियंता सर्वश्री सी.एम. वाजपेयी, आर.के. अग्रवाल, एम. तनेजा, व्ही.पी. पटेल, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री गुंजन शर्मा, जी.आर. जायसवाल, ए.के. अग्रवाल, जयप्रकाश सिदार, एस.के. साहू समेत अन्य अभियंता उपस्थित थे।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया गंगरेल जल विद्युत संयंत्र का निरीक्षण



केंद्रीय राज्यमंत्री (रसायन एवं उर्वरक तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, भारत सरकार) माननीय श्री भगवंत खुबा ने छत्तीसगढ़ प्रवास पर 25 सितंबर 2022 को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के 4x2.5 मेगावाट गंगरेल जल विद्युत गृह, धमतरी का निरीक्षण किया।

इस दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एन.के. बिजौरा, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण (क्रेडा) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आलोक कटियार विशेष रुप से उपस्थित थे। प्रबंध निदेशक श्री एन.के. बिजौरा द्वारा गंगरेल जल विद्युत संयंत्र में केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया तथा उन्हें पॉवर कंपनी के संयंत्र एवं उत्पादन की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें भविष्य की जल विद्युत के क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (संचारण/संधारणः उत्पादन) श्री सी.एल. नेताम, अति. मुख्य अभियंता श्री सुनील गोरे, अधीक्षण यंत्री श्री अनिल अग्रवाल, कार्यपालन यंत्री श्री मनीष दानी, सहायक यंत्री श्री बलवंत पाटिल एवं श्री विजय सिन्हा उपस्थित थे।

# जनरेशन कंपनी की नई वेबसाइट बनी, श्री बिजौरा ने किया विमोचन



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी की नई वेबसाइट **https://cspgcl.co.in** का विमोचन प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा ने किया। जनरेशन कंपनी की नई बेवसाइट में नई तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिसमें विभिन्न प्रकार के नए विकल्प एवं विशेषताओं का समावेश किया गया है ।

यह वेबसाइट हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध है, साथ ही भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार विजुवल इम्पेयरमेंट के लिये भी आवश्यक सुविधायें उपलब्ध है ।

वेबसाइट के रिसपोन्सिव नेचर के कारण विभिन्न इलेक्ट्रानिक उपकरणों में सही प्रारूप में देखा जा सकता है। वर्तमान में यह अत्यधिक आकर्षित और हर तरह से सुरक्षित वेबसाइट है, जिसे एमआईएस कार्यालय कार्यपालक निदेशक संचारण/संधारण के इंजीनियरों ने तैयार किया है।

अधिकारियों ने बताया कि यह कंपनी के उत्तरोत्तर प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और उपयोगी साबित होगा। यह वेबसाइट बेहतरीन डिजाईन और डायनेमिक आर्किटेक्चर के अनुरूप तैयार की गई है, जिसमें उत्पादन कंपनी की महत्वपूर्ण सूचनाएं, कंपनी के व्यापार से संबंधित जानकारी वर्ल्ड वाइडवेब में उपलब्ध रहेगी।

साथ ही कंपनी के कार्यों की जानकारी आम लोगों को इसके जरिये मिल सकेगी। यह वेबसाइट बाह्य व्यक्ति एवं संस्था के बीच सार्थक सेतु का काम करेगी।एमआईएस-आईटी मुख्यालय तथा अन्य समस्त कार्यालय प्रमुखों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये वेबसाइट का विवरण प्रस्तुत किया गया।

प्रबंध निदेशक ने इस उपलब्धि के लिए एमआई एसआईटी के अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (संचारण एवं संधारण) श्री सीएल नेताम, श्री आर. अरविंद, श्री देवेंद्र खिलवार, श्रीमती अमिता बारा एवं श्री महेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# लोगों की सुविधा के लिए प्रदेश में खुलेंगे 90 नवीन विद्युत वितरण केन्द्र

मानीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा दूरस्थ क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की सुविधा में वृद्धि करने के लिए 88 नवीन विद्युत वितरण केन्द्र और दो उप संभाग सृजित किये जा रहे हैं। उन्होंने वनांचल सरगुजा तथा बस्तर संभागों में सबसे अधिक विद्युत वितरण केन्द्र खोलने के निर्देश दिए हैं।

इन क्षेत्रों में वितरण केन्द्र खुल जाने से बिजली संबंधी रखरखाव में तेजी आएगी साथ ही वनांचल के लोगों को बिजली से संबंधित कार्यों के लिए उनके नजदीक ही विद्युत कार्यालय स्थापित होंगे। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के अधिकारियों को मैदानी क्षेत्रों विशेषकर नए जिलों में वितरण केन्द्रों की स्थापना को प्रमुखता देने के भी निर्देश दिए हैं। इन केन्द्रों के शुरू होने के बाद प्रदेश में कुल विद्युत उप संभाग हो जाएंगे। बस्तर तथा सरगुजा संभागों में सबसे अधिक वितरण केन्द्र खोले जाएँगे। साथ ही संभाग स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश में 61 लाख से अधिक घरेलू ,कृषि तथा व्यावसायिक बिजली उपभोक्ता हैं। लगातार उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या के कारण नए कार्यालय खोला जाना आवश्यक था, इससे उपभोक्ताओं को अपने नजदीक में ही विद्युत कार्यालय उपलब्ध हो सकेगा। विद्युत उपभोक्ताओं तक निर्बाध तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए पॉवर कंपनी ने व्यापक अधोसंरचना तैयार की है। प्रदेश में 33/11 केव्ही के एक हजार 333 उपकेन्द्र , 11/ 04 केव्ही के दो लाख पाँच हजार 760 वितरण ट्रांसफार्मर तथा दो लाख 17 हजार 767 किलोमीटर लम्बी निम्नदाब लाइनों के जरिए हर उपभोक्ता को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही है।

वहीं इतनी बड़ी अधोसंरचना के सुचारू संचालन के लिए 08 क्षेत्रीय कार्यालय ,18 वृत्त , 64 विद्युत संभाग, 57 जोन, 154 उपसंभाग व 444 वितरण केन्द्र वर्तमान में संचालित हैं।

**यहां खुलेंगे नए बिजली आफिस वितरण केन्द्र**

| वितरण केंद्र | जिला |
|---|---|
| 6 | सरगुजा,रायगढ़,बेमेतरा |
| 5 | जशपुर, कोरबा |
| 4 | बलरामपुर, रामानुजगंज, कांकेर, राजनांदगाँव, |
| 3 | सूरजपुर, बस्तर, बालोद, दुर्ग, बिलासपुर, मुंगेली, महासमुंद, कबीरधाम, गरियाबंद, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर |
| 2 | कोरिया, कोण्डागाँव, नारायणपुर, रायपुर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी |
| 1 | बीजापुर, सुकमा, धमतरी, दन्तेवाड़ा, सारंगढ़-बिलाईगढ़, गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही बलौदाबाजार-भाटापारा |



## कोरबा पश्चिम संयंत्र ने रचा कीर्तिमान

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम संयंत्र में सर्वाधिक उत्पादन का कीर्तिमान बनाया है। अक्टूबर में स्थापना काल से अब तक का सर्वोच्च उत्पादन और पीएलएफ संयंत्र की 500 मेगावाट इकाई ने हासिल किया है। अक्टूबर 2022 में 375.091 मिलियन यूनिट (100.83 प्रतिशत) पीएलएफ का विद्युत उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है, यदि 500 मे वा इकाई का बेकिंग डाउन नहीं कराया गया होता , तो यह उत्पादन लगभग 375. 6098 मिलीयन यूनिट (100 .97 प्रतिशत) पीएलफ होता, जो कि इससे पूर्व फरवरी 2021 में किये गये 336.665 मिलियन यूनिट (100. 20 प्रतिशत) पीएलएफ उत्पादन के दौरान पानी की खपत में भी कमी लाकर केमिकल रसायन की भी बचत की है,जिससे कंपनी को लगभग एक करोड़ की आर्थिक बचत हुई। इसके साथ ही सहायक संयंत्रों में उपयोग होने वाली विद्युत की खपत में भी बचत की गई है।

# विद्युत अवरोध की सूचना अब उपभोक्ताओं को मिलेगी एसएमएस से

बिजली उपभोक्ताओं को बड़े विद्युत अवरोध की समय पर जानकारी प्रदान करने के लिए नयी सूचना प्रणाली विकसित कर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने एक महत्वपूर्ण पहल की है. इसके लिये एप आधारित नई सूचना प्रणाली विकसित की गई है, जिसमें आंधी-तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं में खंभा या तार टूटने जैसे बड़े ब्रेकडाउन होने या रखरखाव हेतु शटडाउन होने पर बिजली बंद की सूचना तुरंत सीधे संबंधित उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी और कॉल सेंटरों के माध्यम से फोन पर दी जाएगी। जब मौसम की गड़बड़ी या अन्य कारणों से ब्रेकडाउन होता है तो मैदानी अमला सुधार कार्य में व्यस्त हो जाता है और उसके पास उपभोक्ताओं के फोन उठाने का समय नहीं होता. उधर बड़ी संख्या में उपभोक्ता प्रभावित होने के कारण बहुत फोन कॉल आने लगते हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को समय पर सूचना देने के साधन कम पड़ने लगते हैं. उपभोक्ता कॉल सेंटर में लगातार फोन करते हैं, जिससे उन्हें परेशानी होती है। नई सूचना प्रणाली एप पर आधारित है. कंपनी के आंतरिक एप माध्यम से मैदानी अधिकारी

CSPDCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

घटनास्थल से ही ब्रेकडाउन की सूचना अपलोड करेंगे. जो कि तुरंत संबंधित लाइन से टैग उपभोक्ताओं को एसएमएस के जरिये अपने आप चली जाएगी, जिसमें बिजली सुधार में लगने वाले संभावित समय की जानकारी भी होगी। आधे घंटे से अधिक समय लगने वाले ब्रेकडाउन की ही सूचना उपभोक्ताओं को भेजी जाएगी। इसके अलावा किसी समय चल रहे ब्रेकडाउन या शटडाउन की जानकारी मोर बिजली ऐप पर भी उपलब्ध रहेगी जिसे उपभोक्ता देख सकेंगे। यह जानकारी सभी कॉल सेंटरों के कम्प्यूटर स्क्रीन पर भी डिस्प्ले होती रहेगी और कॉल सेंटर ऑपरेटर फोन करने वाले उपभोक्ताओं को जानकारी दे सकेगा। पॉवर कंपनी में प्रदेश के 39 लाख उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड हैं। इसके साथ ही दस लाख से अधिक उपभोक्ता मोर बिजली मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करते हैं। इन उपभोक्ताओं को शटडाउन/ब्रेकडाउन की सूचना ऐप पर ही दिखने लगेगी। यह नई व्यवस्था छत्तीसगढ़ राज्य के 180 नगरीय क्षेत्रों में प्रारंभ कर दी गई है एवं अन्य क्षेत्र के लिए यह सुविधा शीघ्र प्रारंभ कर दी जायेगी।

# "Sincerity is my policy" - आरके श्रीवास

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री राजेंद्र कुमार श्रीवास का जन्म 20 जनवरी 1961 को ग्राम खुरई जिला सागर (म.प्र.) में हुआ। अपनी माता श्रीमती इंद्रावती श्रीवास एवं पिता श्री बद्री प्रसाद श्रीवास, (सेवानिवृत्त.- जिला सत्र न्यायाधीश) से जीवन में सदाशयता, अनुशासन तथा उच्च विचार का आचरण करते हुए अनवरत आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिली।

आपकी प्राथमिक शिक्षा से लेकर हायर सेकण्डरी तक की शिक्षा रायगढ़, जगदलपुर, दुर्ग एवं अम्बिकापुर में हुई। वर्ष 1977 में हायर सेकेण्डरी के उपरांत आपने बी.ई. इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्यूनिकेशन की डिग्री शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर (म.प्र.) से 1982 में प्राप्त की। 13 दिसंबर 1982 से आपने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल से सेवायात्रा की शुरूआत की। सहायक अभियंता के पद पर हसदेव ताप विद्युत गृह में 1983 से पदस्थ हुए। आपको प्रशिक्षण काल में ही इकाई क्र.-एक के सफल क्रियान्वयन के लिए पुरस्कृत किया गया। वर्ष 1989 में आपको Data Acquisition System के प्रशिक्षण हेतु Leeds & Northrup Pennsylvania, USA भेजा गया। वर्ष 1999 में कार्यपालन अभियंता के पद पर आप पदोन्नत हुये तथा मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, जबलपुर के राज्य भार पारेषण केन्द्र में आपको पदस्थ किया गया। 24 अक्टूबर 2000 को मध्यप्रदेश पावर ग्रिड Failure के दौरान त्वरित निर्णय लेकर आपने पॉवर सिस्टम को नार्मल किया।

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के पश्चात् नवम्बर 2000 से सितम्बर 2005 तक खेदामारा भार पारेषण केन्द्र में आपने सेवाएं दी। भार पारेषण से संबंधित कार्य की जानकारी अन्य किसी भी अधिकारी / कर्मचारी को न होने के कारण आपने उक्त कार्य की जानकारी साझा की तथा भार पारेषण केन्द्र के सुचारू संचालन हेतु स्काडा सिस्टम की स्थापना की महती जिम्मेदारी का निर्वहन किया। सितम्बर 2005 में आपकी पदस्थापना मुख्यालय रायपुर में परियोजना उत्पादन-एक कार्यालय में हुई तथा आपको 2x500 मेगावाट मड़वा ताप विद्युत परियोजना के क्रियान्वयन हेतु सभी आवश्यक सहमतियों की प्राप्ति की जिम्मेदारी दी गई जिसे आपने अथक प्रयास से अल्प समय में उपलब्ध कराया तथा संयंत्र के बीओपी पैकेज की निविदा प्रक्रिया International Competitive Bidding द्वारा मात्र चार माह की अवधि में आपके द्वारा पूर्ण किया गया। यह आपकी उत्कृष्ट कार्य शैली को दर्शाता है।



**आरके श्रीवास**
कार्यपालक निदेशक
(मानव संसाधन)

आपको 11 जुलाई 2008 को अधीक्षण अभियंता का प्रभार दिया गया तथा वर्ष 2010 में अधीक्षण अभियंता के नियमित पद पर पदोन्नत हुये। आप 30 दिसंबर 2017 को अति.मुख्य अभियंता (भण्डार एवं क्रय) के पद पर पदोन्नत हुये। इस दौरान आपने शक्ति प्रत्यायोजन पुस्तिका में क्रय एवं कार्य संबंधी आवश्यक संशोधन किया तथा कार्य के लिये नियमों में आवश्यक बदलाव किया, जिससे कार्य हेतु निविदा दो वर्ष के लिए जारी की जाने लगी, जिसका लाभ न केवल संयंत्रो को मिला बल्कि निविदाकर्ता भी लाभान्वित हुये। 1 जनवरी 2020 को मुख्य अभियंता (उत्पा.) के पद पर अटल बिहारी ताप विद्युत गृह मड़वा में पदस्थापना हुई। इस दौरान इकाई क्रमांक 2 के जनरेटर रोटर के बैफल रिंग के समस्त ब्लेड टूट जाने के कारण इकाई को पुनःप्रचालन में लाने हेतु बीएचईएल हरिद्वार से आवश्यक सामान प्राप्त करने तथा देशभर की विभिन्न एजेंसियों से आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराये जाने हेतु आपके द्वारा अथक प्रयास किया गया, जबकि इसी दौरान वैश्विक कोविड महामारी के कारण सभी प्रकार के आवागमन पर रोक थी तथा कारखानों में भी लॉकडाउन था। इस उपलब्धि के लिये आपको प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। 30 मार्च 2021 को कार्यपालक निदेशक पदोन्नत कर हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में पपदस्थ किया गया। पने मड़वा एवं कोरबा पश्चिम संयंत्र में एक-एक वर्ष संयंत्र प्रमुख के रूप में वर्ष 2020 एवं 2021 में सफलता पूर्वक कार्य किया तथा संचालन एवं संधारण के उच्च मानदण्डों को प्राप्त किया, जिसके फलस्वरूप जनरेशन कंपनी ने राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोरबा पश्चिम में पदस्थापना के दौरान आपके अधीनस्थ हसदेव बांगो जल विद्युत संयंत्र ने अपने जीवनकाल में उच्चतम विद्युत उत्पादन का भी कीर्तिमान स्थापित किया। आप नई परियोजनाओं की स्थापना एवं निर्धारित समय पर क्रियान्वयन के पक्षधर हैं। आप अपने आदर्श वाक्य के रूप में "Sincerity is my policy" को उद्धृत करते हैं।आपकी पत्नी श्रीमती रेखा श्रीवास उच्च शिक्षित व मिलनसार हैं। आपके सुपुत्र सात्विक कम्प्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग ग्रेजुएट हैं।

# संसदीय सचिव श्री मंडावी ने रखी उपकेंद्र की आधारशिला

**राजनांदगांव।** संसदीय सचिव एवं विधायक मोहला-मानपुर श्री इंद्रशाह मंडावी ने नये जिले मोहला-मानपुर-चौकी के ग्राम वासड़ी में नवीन 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत 3 करोड़ 23 लाख रूपए की लागत वाले इस उपकेन्द्र के निर्माण से वनांचल वासड़ी के 46 गांवों के सैकड़ों उपभोक्ताओं को बिजली



की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री पी.सी. साहू ने बताया कि इस उपकेन्द्र में 3.15 एमवीए का नया पॉवर ट्रांसफार्मर, 23 किमी 33 केवी एवं 2.25 किमी 11 केवी की नई लाइन सृजित की जायेगी। ग्राम वासड़ी में निर्मित होने वाले इस उपकेन्द्र के माध्यम से इस क्षेत्र 46 ग्रामों के लगभग 3056 उपभोक्ताओं को उच्च गुणावत्तापूर्ण विद्युत की सुविधा मिलेगी।

# सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशकों की भावभीनी विदाई



श्री कैलाश नारनवरे



श्री आईएल देवांगन

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज से सेवानिवृत्त हुए कार्यपालक निदेशक सर्वश्री कैलाश नारनवरे, ईश्वर लाल देवांगन एवं जीतेन्द्र मेहता को कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवा भवन में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पॉवर जनरेशन कंपनी के एम.डी. श्री एन.के.बिजौरा, ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी श्रीमती उज्वला बघेल एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी श्री मनोज खरे ने सेवानिवृत्तजनों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालक निदेशकों ने सेवायात्रा के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों से मिले मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी की बेहतर कार्य-संस्कृति है, जिसमें सभी चुनौतियों का समाधान मिलजुल कर किया जाता है। प्रबंध निदेशकों ने सेवानिवृत्तजनों के उज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारियों के कार्य, उनकी लगन को याद करते हैं। उनकी दक्षता और क्षमता का लाभ पॉवर कंपनी को मिला। पॉवर कंपनी अपने कर्मठ और निष्ठावान कर्मियों के जरिए निरंतर प्रगति के नये आयाम गढ़ रही है। सेवानिवृत्तजनों ने सेवायात्रा के दौरान प्रबंधन एवं कर्मियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुंए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संक्षेप में प्रकाश डाला।



श्री जीतेंद्र मेहता

# पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से सेवानिवृत्त ईडी श्री पारधी की भावभीनी विदाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए श्री पी.सी. पारधी को कंपनी मुख्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की एम.डी. श्रीमती उज्वला बघेल ने उन्हें प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यपालक निदेशक सर्वश्री एम.एस.चौहान, के.एस.मनोठिया, कैलाश नारनवरे, आई.एल. देवांगन, आर.के. शुक्ला, धर्मेन्द्र चावड़ा एवं मुख्य अभियंता सर्वश्री ए.के. वर्मा, संदीप गुप्ता, केएस रामकृष्णा एवं महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री के.के. भौरासे ने सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विदाई कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक श्री पारधी ने अपनी सेवायात्रा के दौरान प्रबंधन, अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि टीमवर्क के माध्यम से किसी भी कार्य को करने में हम अवश्य सफल होते हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने सेवानिवृत्त श्री पारधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।



## बिजली बिल भुगतान हेतु आर्य नगर में लगा एटीपी मशीन

**दुर्ग**| आर्य नगर सबस्टेशन में को बिजली बिल भुगतान हेतु नए ए.टी.पी. मशीन का शुभारंभ मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर द्वारा किया गया। उपभोक्ता अब सुबह 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक विद्युत देयकों का भुगतान कर सकेंगे। आर्य नगर, मोहन नगर, संतरा बाड़ी, शंकर नगर एवं ग्रीन चौक के उपभोक्ताओं इससे लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर एसई श्री तरुण कुमार ठाकुर, ईई श्री सतीश वर्मा, एई श्री पी.के.पलसोकर, श्री निरंजन दास, श्री राजेन्द्र गिरी, श्री महेन्द्र साहू उपस्थित थे।

# कड़ी मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा, और सच्चाई हमेशा रंग लाती है

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में कार्यपालक निदेशक (उपकेन्द्र -संचा/ संधा) के पद पर बिलासपुर में पदस्थ श्री संदीप गुप्ता का जन्म 13 जनवरी 1961 को गाडरवारा, जिला नरसिंगपुर (म.प्र.) में हुआ। आपके पिता वायुसेना के कर्मठ अधिकारी स्व.पी.सी. गुप्ता थे। आपने सन् 1982 में एम.आई.टी.एस. इंजीनियरिंग महाविद्यालय ग्वालियर से इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया।

सन् 1982 में आपकी नियुक्ति राजस्थान विद्युत मंडल में कोटा थर्मल जनरेशन में हुई थी। इसके पश्चात् आपका चयन जुलाई 1984 में बतौर स्नातक प्रशिक्षु मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल में हुआ। आप मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल ग्वालियर में सन 1984 में सहायक यंत्री (प्रशिक्षु) के पद पर नियुक्त किए गए। सन् 1988 में आपका स्थानान्तरण कार्यालय मुख्य अभियंता (अति उच्च दाब) मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल, जबलपुर में हुआ।

सन् 1989 में मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल, जबलपुर में प्रथम बार ई.एच.टी. लाईन का कार्य बाह्य स्त्रोत के माध्यम से कराये जाने हेतु निविदा संपादन का कार्य आपके द्वारा उत्कृष्ट रूप से किया गया। सन् 1999 में मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल के द्वारा कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर बनाये जाने हेतु कार्य में दक्ष 15 लोगों की टीम का चयन किया गया, जिसमें आपका चयन हुआ। उपरोक्त चयनित टीम द्वारा ने सन 2001 में कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर का कार्य उत्कृष्टता के साथ संपादित किया। कार्य की जटिलता और टीम की कार्य कुशलता को देखते हुए उपरोक्त चयनित टीम को मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल के द्वारा सन् 2002 में प्रोत्साहन स्वरुप दो अग्रिम वार्षिक वेतन वृद्धि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



श्री संदीप गुप्ता
कार्यपालक निदेशक
(S/s O&M) बिलासपुर

सन 2005 में म0प्र0वि0 पारेषण कंपनी द्वारा कैड सेल का गठन किया गया जिसका प्रभार आपको दिया गया। इस सेल द्वारा मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल के अंतर्गत आने वाले समस्त उप-केन्द्रों के ले-आउट को आटो कैड पद्धति में परिवर्तित किये जाने का विलक्षण कार्य किया गया।

इस सेल के द्वारा ट्रांसमिशन के लगभग 350 परियोजना के संपूर्ण कार्य (क्रय/ सिविल/ई.एच.टी./ टेस्टिंग) की प्रगति की मानिटरिंग हेतु माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में प्रोग्राम बनाया जिसके द्वारा पूरी पारेषण कंपनी के अधिकारियों की मासिक बैठक प्रबंध निदेशक द्वारा की जाती थी।

वर्ष 2008 में आपकी पदस्थापना बतौर कार्यपालन अभियंता कार्यालय मुख्य अभियंता (अति उच्च दाब) छत्तीसगढ राज्य विद्युत मण्डल, रायपुर में हुई। वर्ष 2011 में पदोन्नति पश्चात् आपकी नियुक्ति बतौर अधीक्षण अभियंता कार्यालय मुख्य अभियंता (अति उच्च दाब) छत्तीसगढ राज्य विद्युत मण्डल, रायपुर में हुई। बतौर अधीक्षण अभियंता आप, कार्यालय अधीक्षण अभियंता (लोड डिस्पेच)/कार्यालय मुख्य अभियंता (पी एण्ड पी)/अधीक्षण अभियंता (अति उच्च दाब :नि एवं सं.) रायपुर में पदस्थ रहें। वर्ष 2019 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति पश्चात् आपकी नियुक्ति कार्यालय कार्यपालक निदेशक (पी एण्ड पी) रायपुर में हुई।

25 अक्टूबर 2021 में आपकी पदोन्नति बतौर मुख्य अभियंता (उपकेन्द्र -संचा/संधा) छत्तीसगढ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी बिलासपुर में हुई, कार्यपालक निदेशक के पद पर आपकी पदोन्नति 13 अक्टूबर 2022 को हूई।

आपकी कार्य दक्षता के कारण ट्रांस. कंपनी के विभिन्न कार्यालयों, अ.उ.दा./लोड डिस्पेच/पी.एंड पी./उप-केन्द्र : सं./सं. को आपके अनुभव का लाभ प्राप्त हुआ।

आपका विवाह सन 1986 में इंजीनियर एवं व्याख्याता रश्मि गुप्ता के साथ हुआ। आपके सुपुत्र निर्णय ने वाशिंगटन विश्वविद्यालय यूएसए से विधिशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के वकील हैं। आपकी सुपुत्री नियति ने आईआईटी गुवाहाटी से बीटेक एवं युनिवर्सिटी ऑफ मिसीगन अमेरिका से एम.एस. की परीक्षा उत्तीर्ण की है। वे गूगल यूएसए में 5 वर्ष सेवाएं दे कर फेसबुक में कार्यरत् हैं। पुत्र-वधु प्रतिभा एमबीए है और एवन कंपनी में कार्यरत है। Son-in-Law तुषार भी अमेरिका से एम.एस. करके गूगल यूएसए में कार्यरत हैं।आप अपने कार्य के अतिरिक्त ईश्वरीय सेवा जैसे बाबा धाम कांवर यात्रा एवं अपनी हॉबीस फॉर्मिंग, साइकलिंग, जिमिंग, ट्रेव्हलिंग भी करते हैं।

# विद्युत चोरी रोकथाम पर विधिक सेमीनार आयोजित

**दुर्ग** | विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 तथा विद्युत चोरी प्रकरण पर कानूनी प्रक्रिया का पालन विषय पर दो दिवसीय विधिक सेमीनार का आयोजन दुर्ग क्षेत्र में आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान विद्युत चोरी प्रकरणों के संबंध में कानूनी प्रक्रिया एवं विद्युत अधिनियम 2003 में विद्युत चोरी रोकने के संदर्भ में विद्युत कंपनी के अधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। सेमीनार में दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर एवं वितरण कंपनी द्वारा अंनुबंधित अधिवक्ता श्री विजय कसार द्वारा दुर्ग क्षेत्र के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को कानूनी प्रक्रिया , दस्तावेजी कार्यवाही तथा न्यायालीन प्रक्रियाओं के बारे में अवगत कराया गया। श्री एम.जामुलकर ने कहा कि विद्युत चोरी के प्रकरणों पर सभी कानूनी प्रक्रियाओं का नियमानुसार पालन किये जाये। अधिवक्ता श्री विजय कसार ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि बिजली चोरी के प्रकरणों में पंजीबद्ध मामलों में न्यायालय के मापदण्ड अनुसार प्रकरणों की तैयारी किये जाये। उन्होंने सेमीनार में उपस्थित अधिकारियों के विविध विषयों, सवालों एवं इससे संबधित समस्याओं के निदान हेतु उपाय भी सुझाए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता द्वय श्री एस.आर.बांधे एवं श्री ए.के.गौरहा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# सूचनाओं की सहज उपलब्धता कराने पॉवर कंपनी है सजग-बघेल




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी अपने सभी अपीलीय अधिकारी एवं जन सूचना अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम -2005 के बेहतर क्रियान्यन के लिए प्रशिक्षित कर रहा है। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा के विषय विशेषज्ञों द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पॉवर कंपनी के सभी जनसूचना अधिकारियों को पाँच बैचों में यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले बैच का प्रशिक्षण 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2022 तक केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान गुढ़ियारी में आयोजित किया गया। पहले बैच के समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्वला बघेल शामिल हुईं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि



कंपनी के भीतर सूचना का अधिकार अधिनियम सुचारू रूप से लागू हो। उन्होंने कहा कि कंपनी में आम लोगों को सूचनाएं सहजता से उपलब्ध हो इसके लिए प्रबंधन द्वारा सतत् प्रयास किये जा रहे हैं। इसमें प्रशिक्षण के चार और बैच आयोजित होंगे, जिनकी तिथि जल्द घोषित की जाएगी। राज्य सूचना आयोग ने सभी अधिकारियों को समय-समय पर प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए हैं। ऊर्जा विभाग ने पॉवर कंपनीज के जनरेशन, ट्रांसमिशन व डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारी तथा राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अधिकरण (क्रेडा), मुख्य विद्युत निरीक्षक व छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अधिकारियों के लिए संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम तय किया है। इसमें छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी के डॉ. प्रदीप शुक्ला, सेवानिवृत्त आईएएस श्री चंद्रहास बेहार, पूर्व सूचना आयुक्त श्री एसके तिवारी, मास्टर ट्रेनर श्री प्रतीक पांडे ने प्रशिक्षण दिया।

# प्रशिक्षण से बढ़ती है कर्मियों की कार्यक्षमता और दक्षता- पटेल

**बिलासपुर**। राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) के तत्वावधान में दिनांक 19 से 21 सितम्बर 2022 तक (तीन दिवसीय) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर में किया गया। कार्यक्रम में बिलासपुर क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों से 40 अधिकारी प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुये।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पी.के.कश्यप, अधीक्षण अभियंता श्री जी.पी. सोनवानी एवं एनपीटीआई के मुख्य प्रशिक्षक श्री अजय कुमार चौधरी, कार्यक्रम निदेशक श्री बी.



वीरन्ना की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री पटेल द्वारा पॉवर सेक्टर में किये जा रहे बेस्ट प्रेक्टिस की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण हमारी दक्षता को बढ़ाते हैं। प्रशिक्षण में बताई तकनीकों का उपयोग कार्यस्थल पर करना चाहिए।

मुख्य प्रशिक्षक श्री अजय कुमार चौधरी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम एवं इस अत्याधुनिक तकनीक से उपभोक्ता को होने वाले सुधार एवं विभाग को एटीएंडसी हानि कम करने में होने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बिलासपुर क्षेत्र के बिलासपुर वृत्त, बिलासपुर नगर वृत्त एवं कोरबा वृत्त के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता शामिल हुए।

# विद्युत कर्मियों के लिए " समूह स्वास्थ्य बीमा योजना "



**प्रत्येक पावर कंपनी के नियमित/कार्यभारित विद्युत कर्मी एवं पेंशनर्स परिवार हेतु अंशदायी समूह स्वास्थ्य बीमा योजना प्रस्तावित है जिसमें- प्रत्येक पॉवर कंपनी के नियमित/कार्यभारित विद्युत कर्मी एवं पेंशनर्स परिवार का नेटवर्क अस्पताल (भारत के सभी बड़े मध्यम शहरों के लगभग 7 हजार अस्पताल) में रू0 4 लाख तक कैशलेस इलाज किया जावेगा। अपनी पसंद के अन्य अस्पतालों (जो बीमा कंपनी के नेटवर्क में नहीं है) में भी इलाज के लिए किए गए खर्च की प्रतिपूर्ति, बीमा कंपनी द्वारा दी जावेगी।**



1. कुछ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में सीजीएचएस दर में इलाज की सुविधा नहीं होती, इसलिए उनमें आवश्यकता होने पर भी अपना बेहतर इलाज नहीं करा सकते परन्तु इस योजना के अंतर्गत कहीं भी-कभी भी, अपने विश्वसनीय और च्वाईस के अस्पताल में कैशलेस या प्रतिपूर्ति सिस्टम से इलाज करवा सकते हैं।

2. नियमित बिजली कर्मियों का रू0 4 लाख से अधिक खर्च होने पर नियमानुसार सीजीएचएस दरों पर अधिक व्यय की गयी राशि की प्रतिपूर्ति सुविधा रहेगी। अलग से रेफरल की जरूरत नहीं पड़ेगी।

3. इस सुविधा के लिए रेफरल की आवश्यकता नहीं होगी।
4. यदि पेंशनर जिसकी उम्र 65 साल या उससे अधिक है और उसके पास ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस है तो उन्हें वह पालिसी बंद नहीं करनी चाहिए। इस पॉलिसी को लेने से उन्हें चार लाख का अतिरिक्त रिस्क कवर मिल जाएगा। अतः केस टू केस स्वविवेक से निर्णय लेना बेहतर होगा। क्योंकि टॉप-अप पॉलिसी 65 साल से ऊपर वालों को नहीं मिलती है और उसमें कई शर्ते रहती है।
5. यदि आपकी कोई हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी वर्तमान में चल रही है तो पॉलिसी के समाप्त होने वाले दिनांक के बाद से भी इस योजना में शामिल हो सकते हैं। आपकी प्रीमियम अनुपातिक रूप से कम हो जाएगी।
6. इस योजना में उम्र का कोई बंधन नहीं है तथा सभी पुरानी बीमारी पहले दिन से ही कवर होगी।
7. इस योजना में नए सदस्य शादी/बच्चा होने पर बिना किसी अतिरिक्त प्रीमियम के (केवल सूचना देना होगा) शामिल हो सकेंगे।
8. अगर किसी परिवार के पॉलिसी धारक का स्वर्गवास हो जाता है या अन्य कारण से योजना से बाहर आना चाहता है,और यदि कोई क्लेम न लिया हो तो शेष समयावधि के अनुसार अनुपात में प्रीमियम की राशि वापस हो जाएगी।

9. इस योजना में ओपीडी सम्मिलित नहीं है, इसलिए वर्तमान व्यवस्थाएं लागू रहेगी।

10. इस योजना में वार्ड की सीमा रू.4000 प्रतिदिन किराया निर्धारित है तथा इससे अधिक के किराए का वार्ड लेने पर, अंतर की राशि हितग्राही को देनी होगी।

11. उपरोक्त योजना अंशदायी योजना है जिसमें हितग्राहियों के अंशदान की राशि का निर्धारण टेण्डर खुलने के बाद, प्रबंधन के निर्णय अनुसार होगा।

### समूह स्वास्थ्य बीमा योजना के हेल्पलाइन की सुविधा हेतु नियमित विद्युत कर्मी के लिए कंपनीवार निम्नानुसार नोडल अधिकारी बनाए गए हैं-



जनरेशन कपनी
श्रीमति नंदिनी कोसरिया
(प्रबंधक)
व्हाट्सऐप नं.-
9406316060



ट्रांसमिशन कंपनी
श्री नरसिंग साहू
(सहायक प्रबंधक)
व्हाट्सऐप नं -
9406176060



डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी
श्री राजेश कुमार
(प्रबंधक)
व्हाट्सऐप नं -
9479076060

### उसी प्रकार हेल्पलाइन की सुविधा हेतु पेंशनर्स के लिए कंपनीवार निम्नानुसार नोडल अधिकारी बनाए गए हैं-



जनरेशन कपनी (वित्त)
संतोष कुमार भोई
(सहायक प्रबंधक)
व्हाट्सऐप नं.-
9424215050



ट्रांसमिशन कंपनी (वित्त)
डा.स्वाति तिवारी
(प्रबंधक)
व्हाट्सऐप नं.-
9424116060



डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी (वित्त)
श्रीमति प्रगति ओक
(प्रबंधक)
व्हाट्सऐप नं.-
9424176060

### छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के पूरे समूह स्वास्थ्य बीमा योजना लिए नोडल अधिकारी रहेंगे-



श्री गीतेश कुमार देवांगन
(सहायक अभियंता)
छग स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी (मानव संसाधन),
व्हाट्सऐप नं.-9425576060



डॉ. के.बी. बंसोड़े
(ACMO) छग स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी
(डिस्पेंसरी) भिलाई-03
दुर्ग (छत्तीसगढ़)




श्री कोमलराम नागवंशी
(प्रबंधक-आईटी)
ईआईटीसी,
छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, रायपुर

# विद्युत कर्मियों के लिए नया मोबाईल ऐप ''मोर बिजली कंपनी''

प्रत्येक पावर कंपनी के नियमित/कार्यभारित विद्युत कर्मी एवं पेंशनर्स परिवार हेतु समूह स्वास्थ्य बीमा योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए मोबाईल ऐप ''मोर बिजली कंपनी'' दिनांक 21.11.2022 को प्रमोचन किया गया है जिसके माध्यम से पॉवर कंपनी के नियमित/कार्यभारित विद्युत कर्मी एवं पेंशनर्स परिवार की आवश्यक जानकारी शीघ्रतिशीघ्र व आसानी से प्राप्त की जा रही है।

नियमित/कार्यभारित विद्युत कर्मी, पेंशनर्स एवं उनके पात्र आश्रितों की जानकारी सैप के एच आर. मॉड्यूल में उपलब्ध है, उसे प्रत्येक नियमित कर्मियों/पेंशनर्स को (Pre filled) फार्मेट में मोबाईल ऐप ''मोर बिजली कंपनी'' के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है, जिसमें यदि कोई संशोधन हो तो उस कर्मी द्वारा उसमें आवश्यक सुधार कर जमा किया जा रहा है।

संशोधनों की प्रविष्टि संबंधित कंपनी के संबंधित (जो पूर्व से ही अधिकृत हैं) कर्मचारियों द्वारा सैप सिस्टम में की जावेगी।




मोबाईल ऐप ''मोर बिजली कंपनी'' में भविष्य में पारिवारिक पेंशनर्स तथा एनपीएस पेंशनर्स एवं उनके पात्र आश्रितों की नई जानकारी जोड़ना / हटाना, मोबाईल नंबर, ई-मेल, निवास का वर्तमान पता, आदि में संशोधन करना एवं उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य फिचर्स जो आवश्यक हों, विकसित किये जायेंगे।

इस मोबाइल एप को मोर बिजली कंपनी टाइप कर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इसमें बिजली कर्मियों को उस मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन करना होगा, जिसमें उन्हें वेतन या पेंशन से संबंधित एसएमएस प्राप्त होते हैं। यदि मोबाइल नंबर और कंपनी के रिकॉर्ड से लिंक नहीं है तो एम्पलाई नंबर या बैंक खाते नंबर से भी लॉगिन किया जा सकता है।

पूरी प्रक्रिया के दौरान केवल रजिस्ट्रेशन के समय ही एक बार ओटीपी मांगा जाएगा। उसके तुरंत बाद कर्मी की कुछ जानकारी दिखने लगेगी, अगर जानकारी सही है, तो कंफर्म करना होगा, जिसके बाद कर्मी को उसके परिवार की सभी जानकारियां दिखने लगेंगी।



## ''मोर बिजली कंपनी'' के द्वितीय फेज में मिलेंगी ये सुविधाएं

- वेतन, पेंशन, भत्ते
- वेतन से कटौती, आयकर
- जीपीएफ अंशदान
- एनपीएस अंशदान
- वार्षिक वेतन वृद्धि
- ई-आई.डी. कार्ड
- जीवन प्रमाण पत्र,
- अवकाश
- नेटवर्क अस्पतालों की जानकारियां तथा अन्य बहुत सी सुविधाएं मिलेंगी।

# उच्चदाब उपकेंद्र पुलगांव से नई 33 के.व्ही. लाइन ऊर्जीकृत



**दुर्ग**। 132/33 के.व्ही.उच्चदाब उपकेंद्र पुलगांव, दुर्ग से नवीन स्थापित 33 के.व्ही. लाइन को ऊर्जीकृत किया गया है। लगभग दो किलोमीटर के इस नवीन लाइन के ऊर्जीकृत होने से तिरगाझोला एवं अंडा वितरण केंद्र के लगभग 25 से 30 गांव की विद्युत व्यवस्था बेहतर हो जाएगी।

मुख्य अभियंता श्री जामुलकर ने बताया कि इस लाइन के विस्तार कार्य पूर्ण कर ऊर्जीकृत करने से दोनों वितरण केंद्रों के अंजोरा, तिरगाझोला, चंदखुरी एवं अंडा में स्थापित 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र की विद्युत व्यवस्था और भी बेहतर हो जाएगी। साथ ही अंडा एवं चंदखुरी क्षेत्र के उच्चदाब विद्युत उपभोक्ताओं को भी सतत् विद्युत आपूर्ति में सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि उक्त क्षेत्र में लगभग 21000 विद्युत उपभोक्ता हैं। एई श्री अविनाश दुबे ने बताया कि पूर्व में पुराने 33 के.व्ही. लाइन से चार सब स्टेशनों अंडा, चंदखुरी, तिरगाझोला, अंजोरा एवं उच्चदाब उपभोक्ताओं को विद्युत सप्लाई की जा रही थी। परंतु नए 33 के.व्ही. लाइन के चार्ज होने से अंडा एवं चंदखुरी को पुराने 33 के.व्ही. लाइन तथा तिरगाझोला एवं अंजोरा को नये 33 के.व्ही. लाइन से विद्युत सप्लाई प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य से चारों सबस्टेशनों पर भार कम होकर दो भाग में बँट गया है। किसी भी फीडर में बिजली बंद होने की स्थिति में एक-दूसरे से कनेक्ट कर विद्युत बहाल किया जा सकेगा। इस तरह से आवश्यकता पड़ने पर चारों सबस्टेशनों को डबल लाइन से विद्युत सप्लाई मिलने से विद्युत व्यवस्था क्षेत्र में मजबूत हो गई है।इस दौरान अधीक्षण अभियंता श्री एके गौरहा, कार्यपालन अभियंता श्री अजीत बिजौरा, श्री पी.के. शर्मा एवं श्री जे.जगन्नाथ प्रसाद, सहायक अभियंता श्री श्रीकांत बड़गैया, श्री अविनाश दुबे एवं श्री तनोज मित्रा और कनिष्ठ अभियंता श्री गोपाल प्रसाद वर्मा सहित उपकेंद्र के समस्त कर्मचारी एवं ऑपरेटर उपस्थित हुए।

# टप्पा उपकेन्द्र में 5 एम.व्ही.ए. का नया पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत



**राजनांदगांव**। बोरी उपसंभाग के ग्राम टप्पा उपकेन्द्र में विद्यमान 3.15 एमवीए के पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि करते हुए मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत 49 लाख रूपये के लागत से 5 एमवीए का नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया। इस प्रकार टप्पा उपकेन्द्र की क्षमता 6.30 एमवीए से बढ़कर 8.15 एमवीए हो गया है। राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री अलोक दुबे ने बताया कि ऊर्जीकरण से ग्राम तेलीटोला, टप्पा, कोलिहापुरी, उरईडबरी, विचारपुर नवागांव, डुण्डेरा, खल्लारी, मुडखुसरा, तेन्दुटोला, दर्राबांधा, गिधवा, अमलीडीह, ओडारबांध, टोलागांव, गाताटोला, पथराटोला, तिलईरवार, मांहुलझोपड़ी, सांगिनकछार, खम्हेरा आदि 20 ग्रामों के लगभग 8650 उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम एवं अधीक्षण अभियंता श्री सलिल कुमार खरे ने कार्यपालन अभियंता श्री एस.के. चन्द्राकर, श्री अलोक दुबे, श्री ए.डी. टण्डन, सहायक अभियंता श्री प्रशांत पांसे, श्री हिमांशु भुआर्य, श्री ए.के. द्विवेदी,, कनिष्ठ अभियंता श्री धर्मशील खोब्रागढ़े और उनकी टीम को बधाई दी है।

# दुर्ग क्षेत्र में बकाया वसूली अभियान का मिल रहा अच्छा परिणाम



**दुर्ग** | दुर्ग क्षेत्र में उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत दुर्ग वृत्त के पांचों विभागीय संभाग यथा दुर्ग, भिलाई, बालोद, बेमेतरा एवं साजा के अंतर्गत विगत एक महीने में 1940 निम्नदाब उपभोक्ताओं से 04 करोड़ 12 लाख रुपए से अधिक की वसूली की गई। इस दौरान बकाया भुगतान नहीं करने वाले 791 निम्नदाब उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काट दिये गये। संचारण एवं संधारण संभाग भिलाई के पाटन, कुम्हारी एवं उतई उपसंभाग में दस दिनों में लगातार विद्युत बकाया वसूली अभियान चलाकर बिल जमा नहीं करने वाले औद्योगिक, घरेलू एवं गैर घरेलू उपभोक्ताओं का लाइन विच्छेदन किया गया। 06 हजार 444 बकायेदारों द्वारा 94 लाख 07 हजार रुपए का भुगतान कर दिया गया। अन्य उपसंभागों एवं वितरण केन्द्रों में भी बकाया वसूली के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।



# लाईन लॉस कम करने में स्मार्ट मीटरिंग की भूमिका पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**अंबिकापुर** | केन्द्र शासन की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लाईन लॉस कम करने में Advanced Metering Infrastructure (AMI) की भूमिका एवं परिचय विषय पर एनपीटीआई दुर्गापुर द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक किया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रशासनिक भवन सभा कक्ष में कार्यपालक निदेशक श्री एपी सिंह ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। एनपीटीआई, नागपुर के पूर्व डायरेक्टर श्री एसआर टिटोनिया एवं डॉ श्री सी भट्टाचार्य, उप निदेशक, एनपीटीआई दुर्गापुर भी कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित रहे। 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में सरगुजा क्षेत्र के 40 कनिष्ठ / सहायक यंत्रियों ने हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि श्री एपी सिंह ने ऊर्जा क्षेत्र के नये- नये आविष्कारों तथा नित नए बदलाव के आधार पर विद्युत अभियंताओं को प्रशिक्षित करने में एनपीटीआई की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण हमारी कार्यक्षमता में वृद्धि करेगा। कनिष्ठ यंत्रियों एवं सहायक यंत्रियों को प्राप्त प्रशिक्षण से सरगुजा क्षेत्र में Line Loss कम करने में काफी मदद मिलने की संभावना है। कार्यक्रम में श्री आरके मिश्रा, अति. मुख्य अभियंता, कार्यपालन अभियंता श्री एसके प्रजापति, श्री एसपी मरकाम, श्रीमती मेरी लिली तिर्की समेत प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। संचालन प्रशासनिक अधिकारी श्री महेन्द्र कुमार तिवारी ने किया।

# चुनौतियों के बीच किया ट्रांसफार्मर को दुरूस्त



**दुर्ग** | उतई बस्ती के रहवासियों को फेल ट्रांसफार्मर के जल्द ठीक होने की उम्मीद नहीं थी पर विपरित मौसम के बावजूद पॉवर कंपनी के लोगों की सतर्कता और सक्रियता से जल्द ही राहत मिल गई। खराबी के चलते उतई बस्ती में बिजली बंद हो गई थी। ट्रांसफार्मर को खोलकर पहले सुधारने की कोशिश की गई परंतु ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण तत्काल क्रेन मंगाई गई और बिगड़े ट्रांसफार्मर को निकालकर नए को फीड किया गया। मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर ने बताया कि इस काम को करने में बहुत सी चुनौतियाँ आई । रात में ट्रांसफार्मर चढ़ाने व उतारने में आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश भी बड़ी बाधा थी। पांच लोगों की टीम ने ट्रांसफार्मर बदलने के काम को अंजाम दिया।

# अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है दशहरा उत्सव-श्री एन.के.बिजौरा



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के आवासीय परिसर स्थित लाल मैदान में दशहरा उत्सव मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशक श्री एन.के. बिजौरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। रावण निर्माण के लिए रावण निर्माण समिति के द्वारा 18 दिन के अल्प समय में 101 फीट ऊंचाई वाला रावण बनाया, जो हर दिशा में सिर घुमाकर हुंकारने के साथ ही तलवार लहरा रहा था। कोरोना काल में प्रतिबंधों के दो वर्षो बाद यह आयोजन हुआ।

## बसंत हुए आईआईएमसी से प्रशिक्षित



**मड़वा** | भारतीय जनसंचार संस्थान आईआईएससी में आधुनिक मीडिया पर केंद्रित जनसंपर्क अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रकाशन अधिकारी श्री बसंत शाहजीत ने सहभागिता निभाई। नई दिल्ली स्थित आईआईएमसी में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नए दौर में जनसंपर्क के आयाम, आधुनिक दौर में नित बदलती प्रौद्योगिकी के बीच संस्थागत प्रचार करने जैसे विविध विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा सोशल मीडिया समेत अन्य मीडिया माध्यमों में हो रहे परिवर्तन की जानकारी दी गई। विभिन्न सत्रों में अलग-अलग विषय के विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। समापन अवसर पर आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. डॉ. संजय द्विवेदी एवं अमर उजाला के स्थानीय संपादक श्री सुदीप ठाकुर के हाथों प्रशिक्षार्थियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। गौरतलब है कि भारतीय जनसंचार संस्थान में विकास पत्रकारिता एवं जनसंपर्क पर आधारित अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## कोयला आधारित संयंत्रों पर कार्यशाला




**रायपुर** | इंटरनेशनल सेंटर फार सस्टेनेबल कार्बन (आईसीएसी) यूके पूर्व आईईए क्लीन कोल सेंटर ने भारत में कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के Flexibility पर उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 8-9 नवंबर को रायपुर में किया। इस परियोजना को अमेरिकी ऊर्जा विभाग (USDOE) द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।
इस कार्यशाला में मुख्यालय से एसीई सर्वश्री रामकृष्ण अरविंद, एसई एमपी नायक, एसई संजय वैद्य, डीएसपीएम कोरबा (पूर्व) से एसई आरके साहू, एचटीपीएस कोरबा (पश्चिम) से एसई हेमंत कुमार सिंह, एवं एबीवीटीपीएस मड़वा एसई धर्मेन्द्र बंजारा शामिल हुए। इन्होंने कार्यशाला में आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया।
यह परियोजना यूएसडीओई के फोडिल एनर्जी के कार्यालय और भारत के बिजली मंत्रालय के बीच यूएस-इंडिया स्टैटेजिक एनर्जी पार्टनरशिप के पावर एंड एनर्जी एफिशिएंसी स्तंभ के तहत अमेरिकी ऊर्जा विभाग की ओर से इलेक्ट्रिक पॉवर रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा पूरी की गई।

# रायपुर- वित्त विभाग से श्रीमती ठाकुर एवं श्री मिश्रा की सेवानिवृत्ति



**रायपुर** | कार्यालय कार्यपालक निदेशक (वित्त) ट्रांसमिशन कंपनी में सहायक प्रबंधक पद पर कार्यरत श्रीमती पुष्पा ठाकुर एवं ट्रांसमिशन कंपनी में अनुभाग अधिकारी श्री डीपी मिश्रा को 30 सितम्बर 2022 को सेवानिवृत्त उपरांत एक समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। श्रीमती ठाकुर एवं श्री मिश्रा ने 40 वर्षों से अधिक की सेवा पूर्ण की। कार्यपालक निदेशक श्री संदीप मोदी एवं श्री आलोक सिंह एवं महाप्रबंधक श्री वाय. बी. जैन इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उन्होंने श्रीमती ठाकुर एवं श्री मिश्रा की निष्ठा एवं समर्पण भाव की सराहना की। उन्होंने उनके भावी जीवन एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



# कोरबा पूर्व से दो अधिकारी सेवानिवृत्त




**कोरबा पूर्व** | डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह के अधीक्षण अभियंता द्वय टी.के.शर्मा एवं बी.एल. जैन अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुये। दोनों अधिकारियों का सम्मान श्री एस.के. बंजारा, कार्यपालक निदेशक एवं अति.मुख्य अभियंता श्री चंचल पैकरा, श्रीमती राजेश्वरी रावत एवं श्री शैलेन्द्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन अजीत तिर्की, वरि.कल्याण अधिकारी ने किया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता चंद्रशेखर गुर्जर, हेमलता गुरुपंच, राजकुमार केंवट उपस्थित थे।

# कोरबा से चार कर्मियों की विदाई



**कोरबा पश्चिम** | हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम से माह सितम्बर में 4 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुये । सेवानिवृत्त कर्मचारियों सर्वश्री चंद्र शेखर भगत, रामेश्वर लाल साहू, नंद कुमार निर्मलकर एवं चन्कैया को समारोह में भावभीनी विदाई दी गई । इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री एस के कटियार ने प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सभी कर्मियों को सम्मानित किया । कार्यक्रम का संयोजन अधीक्षण अभियंता श्री एस एस टेकाम एवं संचालन कल्याण अधिकारी श्री एस एस कंवर द्वारा किया गया ।

# मानव संसाधन विभाग के अनुभाग अधिकारी श्री अशोक नायडू को विदाई



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) कार्यालय में कार्यरत अनुभाग अधिकारी श्री नायडू को 38 वर्ष की लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। महाप्रबंधक श्री एन.एल.साहू , उपमहाप्रबंधक श्री राजेश श्रीवास्तव, श्रीमती मल्लिका बेक एवं श्रीमती नम्रता राठौर ने श्री नायडू को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके उज्वल एवं सुखमय जीवन की कामना की।

# दुर्ग - सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया गया सम्मानित



**दुर्ग**|क्षेत्रीय मुख्यालय में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी श्री अश्विनी कुमार गंजीर के सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के.मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री एस. आर.बांधे, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री डी. के.डूम्भरे, कार्यपालन अभियंता द्वय श्रीमती सनीली चौहान एवं श्रीमती ममता कश्यप द्वारा श्री गंजीर को प्रमाण पत्र प्रदान कर शुभकामनायें दी गई।

इसी तरह एक अन्य कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय में पदस्थ लेखाधिकारी श्रीमती अरुणा बारसागड़े एवं कार्यालय सहायक श्रेणी एक श्री शिवराव कौशिक को भी सेवानिवृत्ति पर प्रमाण पत्र एवं उपहार भेटकर विदाई दी गई। दुर्ग क्षेत्र के अन्य कार्यालयों से भी कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए।

संभागीय कार्यालय दुर्ग से कार्यालय सहायक श्रेणी एक श्री मनहरण लाल देवांगन, साजा संभागीय कार्यालय से कार्यालय सहायक श्रेणी एक श्री सीताराम वर्मा, शहर संभाग दुर्ग से लाइन सहायक श्रेणी दो श्री माधव प्रसाद वर्मा, भिलाई पश्चिम संभाग से लाइन सहायक श्रेणी दो श्री ईश्वर लाल वर्मा, बालोद कार्यालय से कार्यालय सहायक श्रेणी एक श्री रेम नारायण साहू एवं परिचारक श्रेणी एक श्री राधेश्याम साहू, संभागीय कार्यालय भिलाई से लाइन सहायक श्रेणी दो श्री बिसहत राम वर्मा एवं बेमेतरा से लाइन सहायक श्रेणी एक श्री बंशी लाल मारखंडेय सेवानिवृत्त हुए।

इन्हें भी संबंधित कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमाणपत्र एवं उपहार भेंटकर विदाई दी गई।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री ए.के.गौराहा, निज सचिव श्री एन.ए.कुरैशी एवं श्री सुधीर ताम्रकार, विधि अधिकारी रश्मि शर्मा, प्रकाशन अधिकारी श्रीमती माया चन्द्राकर, निज सहायक श्री बी.एस.राजपूत एवं श्रीमती रमणी राजेन्द्रन, कार्यालय सहायक श्री जितेंद्र जैन, श्रीमती लिसी बी.जार्ज, श्री इम्तियाज खान, श्री पुनेन्द्र पटेल, श्री दीपक पसीने, श्री दिलेश्वर नागवंशी, श्रीमती श्वेता राव, श्रीमती कुसुम साहू एवं श्री अभिषेक सहित अन्य उपस्थित हुए।

## एसीई श्री सोनपुरे सहित कर्मियों को विदाई



**कोरबा पश्चिम** | हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम से अक्टूबर 2022 में चार अधिकारी/कर्मचारी सेवानिवृत्त हुये। सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों में सर्वश्री शशिकांत सोनपुरे, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, महेन्द्र प्रसाद,मुख्य रसायनज्ञ, जार्ज के. थंकाचन,वरिष्ठ पर्यवेक्षक रामलाल कर्ष, कनिष्ठ पर्यवेक्षक, को समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता कर रहे कार्यपालक निदेशक (उत्पादन) श्री एस.के.कटियार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कम्पनी की ओर से देय प्रशस्ति पत्र व प्रतीकात्मक चिन्ह भेंट कर सभी कर्मियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कर्मियों को कम्पनी का आधार बताया साथ ही उनके द्वारा दी गई सेवाओं को बहुमूल्य बताते हुये उनके काम की सराहना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि, श्री के.के.डांगरे, श्री ए.के.दत्ता, श्री ओ.पी.शुक्ला, श्री ए.के.सिन्हा, श्री पी.के.दुर्गे, सर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंताओं एवं श्री ए.के.कुरनाल, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ,ने अपनी गरिमा मय उपस्थिति दी तथा सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएँ दी। संचालन श्री एस.एस.कंवर,कल्याण अधिकारी ने किया।

## वित्त संकाय में विदाई



**रायपुर** | वित्त संकाय में 30 अक्टूबर 2022 को आयोजित विदाई समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री एमएस चौहान ने सेवानिवृत्त सहायक प्रबंधक श्री कैलाश राम साहू को प्रशस्ति पत्र, शॉल,श्रीफल व प्रतीकात्मक भेट किया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री संदीप मोदी, श्री आलोक सिंह, श्रीमती नंदनी भट्टाचार्य सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक श्री अरूण देवांगन तथा संयोजन सहायक प्रबंधक श्री एमआर सिलारे व अनुभाग अधिकारी श्री डीके अग्रवाल एवं श्री आशीष साहू ने किया ।

# ओजोन परत संरक्षण दिवस पर दिया जागरुकता का संदेश




**मड़वा** |अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा में 16 सिंतबर को अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया गया। इसमें विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इसके जरिये लोगों को ओजोन परत के महत्व को बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता श्री एचएम कोसरिया ने कहा कि ओजोन परत के संरक्षण के लिए जागरूक बनकर उन कारकों का उपयोग कम करना होगा जिससे क्लोरोफ्लोरो कार्बन उत्सर्जित होते हैं। उन तत्वों से भी सतर्क रहना होगा, जो ओजोन परत के लिए खतरनाक साबित होते हैं। वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि क्लोरोफ्लोरो कार्बन की सेल्फलाइफ ज्यादा होती है। इनका जीवन काल 50 से 100 वर्ष तक हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक क्लोरीन परमाणु एक लाख ओजोन परमाणु को तोड़ने में सक्षम है। यही वजह है कि ओजोन की परत पतली होती जा रही है। कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक पर्यावरण संजय झा द्वारा पावर पाइंट प्रजेंटेशन के जरिए समताप मंडल से विघटित होती ओजोन परत की समस्या एवं पर्यावरण व मानव जीवन पर उसके दुष्प्रभाव को क्रमवार समझाया गया। इसमें अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे, आलोक लकरा, आरजी देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। ओजोन दिवस पर नारा एवं निबंध प्रतियोगिता रखा गया। जिसमें एन साहा, संजय वस्त्रकार, लक्ष्मी नारायण साहू, अमित गवेल, ओम प्रकाश केंवट, जितेंद्र कुमार जायसवाल और ओमप्रकाश मिश्रा को पुरस्कृत किया गया। संचालन एसई टीके नेताम ने किया।

# हिन्दी दिवस पर हुई साहित्यिक स्पर्धाएं




**कोरबा पूर्व** |हिंदी परिषद ने हिन्दी सप्ताह एवं विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक श्री बी.डी.बघेल थे। मुख्य अभियंता श्री संदीप श्रीवास्तव ने अध्यक्षता की। विशेष अतिथि के रुप में एसई श्री एएस मरावी, जीपी भगत उपस्थित थे। विशेष आमंत्रित श्री हेमन्त मावलीकर ने हिन्दी दिवस के अवसर पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में केडी दीवान एवं श्रीमती प्रतिमा तिर्की ने ओजान परत संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री आलोक शर्मा द्वारा प्रश्न मंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ी में प्रेरक प्रश्न पटल पर रखें । हिन्दी दिवस पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के लिये ए.एस. तोमर, श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं संदीप हलवाई को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही ओजोन परत संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिता के लिए श्री सुभाष साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं संदीप हलवाई को पुरस्कृत किया गया।



**बिलासपुर** |हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) के अवसर पर अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु ''उपभोक्ता संतुष्टि और हमारा दायित्व'' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न जिलों के विद्युत कर्मियों ने हिस्सा लिया। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री मधु कुमार वर्मा परिचारक श्रेणी दो, उपसंभाग कार्यालय सीपत, द्वितीय स्थान श्री श्याम सुंदर साहू लेखाधिकारी बिलासपुर तथा तृतीय स्थान श्री यशवंत कुमार राठौर परिचारक श्रेणी एक तुलसीनगर कोरबा को प्राप्त हुआ, जिन्हे छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियता श्री पी.के.कश्यप, श्री जी.पी.सोनवानी, श्री पी.के. कोमेजवार, श्री पी.आर. साहू, श्री अमर चौधरी श्री के.एल.मरकाम, श्री उमंग सलूजा उपस्थित रहे।

# लगातार सीखने से बनती है बेहतर कार्यशैली

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी में मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) के पद पर पदस्थ श्री संदीप श्रीवास्तव का जन्म 27 मार्च 1961 को रायपुर में हुआ। आपने अपनी माता श्रीमती कान्ता श्रीवास्तव एवं पिता श्री इंद्रभूषण श्रीवास्तव से जीवन में प्रगति करने की प्रेरणा लेते हुए वर्ष 1977 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव से हायर सेकेण्डरी की परीक्षा उत्तीर्ण की। तदोपरान्त 1982 में शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विषय में स्नातक पूर्ण किया।

इसके उपरान्त आप मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल मुख्यालय जबलपुर से ग्रेजुएट अप्रेन्टिस के रूप में नियुक्त हुये। सन् 1984 में सहायक अभियंता के पद पर नियमित करते हुये आपकी प्रथम पदस्थापना 4X210 मेगावाट हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में की गई।

आपकी योग्यता को देखते हुए जल विद्युत परियोजना के बारे में ज्ञान अर्जन के लिए हसदेव बांगो हाईडल प्रोजेक्ट में आपकी पदस्थापना की गई ।

वर्ष 2001 में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदोन्नति प्रदान करते हुए आपकी पदस्थापना हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में की गई, यहां आपने आपरेशन संभाग एवं विद्युत सुधार संभाग का दायित्व सम्भाला। इस दरमियान आपने आईएसओ डीएस इम्प्लीमेन्टेशन, सैप, एमएम माड्यूल शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।



**श्री संदीप श्रीवास्तव**
मुख्य अभियंता
पी.जी.टी.आई.कोरबा पूर्व

वर्ष 2010 में आपको पदोन्नत कर अधीक्षण अभियंता (विद्युत परीक्षण एवं उपकरण) 1X500 मेगावाट यूनिट विस्तार परियोजना कोरबा पश्चिम में पदस्थ किया गया। 500 मेगावाट की प्रथम इकाई को समय पर पूर्ण करने में आपने विशेष योगदान दिया।

तकनीकी ज्ञान की सूक्ष्म जानकारी रखने की वजह से आपको कोरबा पश्चिम में स्थित 210 मेगावाट की चारों ईकाईयों का संचालन प्रभारी बनाया गया।

इसके साथ ही 210 मेगावाट एवं 500 मेगावाट ईकाई के एश हेण्डलिंग आपरेशन एवं मेन्टनेस की जवाबदारी दी गई। इनकी कुछ खामियां को दूर करते हुए 500 मेगावाट ईकाई को प्रथम बार पूरी क्षमता के साथ चलाकर एश की समुचित रखरखाव के साथ यूनिट का प्रचालन अनवरत करवाया, जो कंपनी हित में एक बड़ी उपलब्धि रही है।

जनवरी 2019 में आपको अति मुख्य अभियंता (टी. एण्ड.एस.एस) पदोन्नत किया गया। आपने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व तथा हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में सेवाएं दीं। वर्ष 2020 में जब कोविड-19 के प्रभाव से पूरा देश प्रभावित था, उस समय की भयावहता को ध्यान में रखते हुए शासन एवं कंपनी मुख्यालय के निर्देश पर जूनियर क्लब कोरबा पश्चिम को कोविड अस्पताल के रूप में विकसित कर इससे पीडित व्यक्तियों का इलाज करवाया गया। यह कार्य जनकल्याण के लिए हमेशा यादगार रहेगा। इस संबंध में यह बताना भी आवश्यक होगा कि दुकानें बन्द होने के कारण कोविड अस्पताल में आवश्यक संसाधनों की पूर्ति कराना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। इसके बावजूद मात्र सात दिनों में आवश्यक संसांधनों की व्यवस्था कर लोगों का समुचित इलाज प्रारम्भ करवाया गया।

आपने अपने सेवाकाल में कई प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे डीसीएस, डीएवी एंड ईएसपी, बेयरिंग फेल्यूअर एनालिसिस, 0.4 केवी स्वीचगियर प्रोटेक्शन इत्यादि विषयों पर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कर अर्जित ज्ञान का संयंत्र हित में कार्य करते हुए कंपनी को लाभ पहुंचाने का कार्य किया है।

आपकी धर्मपत्नी श्रीमती अनिता श्रीवास्तव एनटीपीसी जमनीपाली के अधीन डीपीएस विद्यालय में संस्कृत विषय अध्यापिका हैं। आपकी ज्येष्ठ पुत्री स्मृति श्रीवास्तव सैप डेवलपर के पद पर कार्य कर रही है तथा छोटी पुत्र डॉ.मनाली एमबीबीएस की पढाई पूर्ण कर एमडी (पिडिएट्रिक) के लिए चयनित हुई है।

# विधायक बघेल ने किया उपकेंद्र का लोकार्पण

**राजनांदगांव।** ग्राम पटेवा में नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का लोकार्पण विधायक डोंगरगढ़ एवं अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण श्री भुनेश्वर बघेल के करकमलो द्वारा किया गया। सोमनी उपसंभाग के ग्राम पटेवा में एक करोड़ 54 लाख रूपये की लागत से निर्मित इस नवीन उपकेन्द्र हेतु 01 किमी 33 केवी एवं 3.50 किमी 11 केवी नई लाइन खींचीं गई है। इस उपकेन्द्र



के माध्यम से 7 ग्रामों के लगभग 3000 उपभोक्ताओं को उच्च गुणावत्तापूर्ण विद्युत की सुविधा का लाभ मिलेगा। घरेलू उपभोक्ताओं के साथ ही कृषि उपभोक्ताओं को वोल्टेज की समस्या नहीं होगी। इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री सलिल कुमार खरे, कार्यपालन अभियंता श्री आर. के. गोस्वामी, श्री एनके गुरूपंचायन, सहायक अभियंता श्री अनिल धनकर सहित बडी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित हुए।

## सुझाव आमंत्रित

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृहपत्रिका संकल्प को और बेहतर बनाने के लिए आप सभी से सार्थक सुझाव आमंत्रित हैं। आप सभी से सृजनात्मक लेख भी आमंत्रित हैं। एक कॉलम आपके पत्र भी प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें उत्कृष्ट पत्रों को नाम सहित प्रकाशित किया जाएगा। आप हमें procsphcl@gmail.com पर मेल कर सकते हैं या कार्यालय प्रबंधक (जनसंपर्क) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी, डगनिया रायपुर के पते पर भी पत्र प्रेषित कर सकते हैं।

# शिक्षक दिवस पर गुरूजनों का श्रीफल से किया गया सम्मान




**कोरबा** | कोरबा विद्युत गृह विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा 05 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया गया। समिति के अध्यक्ष श्री एस.के.पैकरा एवं सचिव श्री गोवर्धन सिदार मुख्य रसायनज्ञ ने सभी गुरूजनों का पुष्प, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह तथा मिष्ठान प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा कोरबा से विशेष आमंत्रित व्याख्याता (जीवविज्ञान) श्रीमती मिथिला सिदार एवं श्रीमती रमा कर्मकार को सम्मानित किया गया। समिति की कोषाध्यक्ष श्रीमती मंजरी सिंह, डी.सी.जैन सहायक अभियंता तथा श्रमिक संगठन फेडरेशन-01 के जोनल सचिव सरोज राठौर भी उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ एस.के. रात्रे ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुये विद्यालय के प्रगति की जानकारी दी।

## विद्युतनगर कॉलोनी में मना दशहरा उत्सव



**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा के आवासीय कॉलोनी विद्युतनगर बसंतपुर में छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक विकास मंच दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा उत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। यहाँ 75 फीट ऊंचे रावण का पुतला दहन किया गया।

इसके पूर्व कॉलोनी में रथ पर सवार भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की झांकी निकाली गई। दशहरा मैदान पर मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया एवं श्रीमती शशि कोसरिया द्वारा भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही जोरदार आसमानी आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री रामजी सिंह व श्री आरजी देवांगन, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री आरके तिवारी, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. आर के साहू, अधीक्षण अभियंता श्री संजय तिवारी एवं श्री एसके जायसवाल उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक विकास मंच दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष श्री तेजराम सिरमौर समेत विभिन्न विभागों का विशेष सहयोग रहा।

## अधीक्षण अभियंता को दी गई विदाई




**कोरबा पूर्व** | डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से माह अक्टूबर-2022 में एम.के. श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियंता, प्रवीण मसीह,वरिष्ठ पर्यवेक्षक, कोरबा पूर्व संयंत्र से अधिवार्षिकी आयुपूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुये। दोनों कर्मचारी के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक श्री बी.डी.बघेल ने सेवानिवृत्ति कर्मियों को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र, कलाई घड़ी, प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री बघेल ने कर्मचारियों कि सेवाओं का उल्लेख करते हुये कहा कि दो अनमोल रत्न हमारे संयंत्र से सेवानिवृत्त हो रहे। इन्होंने अपना कार्य निष्ठा एवं लगन से करते हुय हमारे संयंत्र की सेवा की है। इस अवसर पर अति.मुख्य अभियंता श्री चंचल पैकरा, श्रीमती अंजना कुजुर, श्रीमती राजेश्वरी रावत, एवं श्री शैलेन्द्र शर्मा उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन अजीत तिर्की, वरि.कल्याण अधिकारी, आभार प्रदर्शन आर.पी.टण्डन, अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) के द्वारा किया गया। सफल बनाने में राजकुमार केंवट का सहयोग सराहनीय रहा।

# वितरण हानि कम करने में सहायक होगा स्मार्ट मीटर




**रायपुर**। राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान ( एनपीटीआई ) नागपुर की ओर से एडवांस्ड मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर (एएमआई) पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। तीन से पाँच अगस्त तक गुढियारी स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान (सीटीआई) में आयोजित कार्यक्रम में 40 प्रशिक्षणार्थी अभियंताओं को स्मार्ट बिजली मीटरों की स्थापना, संचालन तथा उससे जुड़ी अधोसंचरनाओं के समन्वय के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इससे पहले उद्घाटन अवसर पर कार्यपालक निदेशक (संचारण एवं संधारण) श्री भीम सिंह कंवर ने कहा कि विद्युत वितरण हानि (ए.टी. एंड सी लॉस) को कम करने में स्मार्ट बिजली मीटर सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक कारगर कदम साबित होगा।

एनपीटीआई की प्रधान निदेशक डॉ मंजू ने बताया कि तीन लाख करोड़ रूपए की लागत की व्दारा रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत उपभोक्ताओं के हित में बिजली मीटरिंग व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने का लक्ष्य है। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अभियंता ( परियोजना) श्री राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था की दिशा में पॉवर कंपनी जल्द बढ़ने जा रही है। मुख्य अभियंता ( राजस्व) श्रीमती सरोज तिवारी ने कहा कि आने वाला समय स्मार्ट कार्य शैली के साथ ही स्मार्ट मीटर का है ऐसे में हमारे अभियंताओं को इसके लिए तैयार होना होगा।

प्रशिक्षण उपनिदेशक श्री प्रशांत मावले ने बताया कि एनपीटीआई व्दारा आरडीएसएस के तहत देशभर की वितरण कंपनी से जुड़े अधिकारियों को स्मार्ट मीटर पर केन्द्रित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम को मुख्य अभियंता(प्रशिक्षण) श्री डी एस भगत, एनपीटीआई के प्रधान निदेशक डॉ आर.के.मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सीटीआई के अधीक्षण अभियंता श्री सीताराम साहू, श्रीमती मधुलिका मिंज,श्री ए.पी.सोनी, एनपीटीआई के सहायक निदेशक श्री प्रीतम सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# अभियंता दिवस पर याद किए गए भारत रत्न डॉ. एम. विश्वश्वरैया





**दुर्ग**। महान अभियंता एवं भारत रत्न डॉ.मोक्षगुण्डम विश्वश्वरैया को उनकी जयंती पर दुर्ग क्षेत्र के अभियंताओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर ने क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर में स्थापित डॉ.मोक्षगुण्डम विश्वश्वरैया की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया।

इस अवसर पर अभियंता के तौर पर उनकी विलक्षणता का उल्लेख करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 15 सितंबर को महान इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी की उपलब्धियों एवं कार्यकुशलता को अंगीकार करने के लिए राष्ट्रीय अभियंता दिवस मनाया जाता है। समारोह में उपस्थित सभी अभियंताओं ने उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री पी.सी. पारधी को कंपनी में बेहतर सेवा के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

**बिलासपुर**। भारतरत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में अभियंता दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (बि. क्षे.) श्री संजय पटेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अभियंता श्री संदीप गुप्ता ने की।


श्री पटेल बताया कि भारतरत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया सभी भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने इंजीनिरिंग के क्षेत्र में भारत के विकास को नई दिशा दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता श्री गुप्ता ने सभी को इंजीनियर्स डे की बधाई दी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री एन.के. बोरकर, श्री बी.पी.जायसवाल, श्री कोमेजवार, श्रीमती मधु मिंज कार्यपालन अभियंता श्री पी.आर. साहू, श्री अमर चौधरी, श्री राजेश कुमार झा, प्रदेश महासचिव पत्रोपाधि अभियंता संघ श्री बी.बी. जायसवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री राजेश चौहान, सचिव श्री गिरीश श्रीवास्तव केन्द्रीय उपाध्यक्ष श्री के.सी.जोशी एवं बडी संख्या में अभियंतागण उपस्थित रहे।

प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है - मुद्रक

# हमारे गौरव

## आश्ना ने दी प्रस्तुति

**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में कार्यपालन अभियंता के पद पर कार्यरत श्रीमती संध्या दिल्लीवार की सुपुत्री आश्ना दिल्लीवार ने दुबई में शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी।



उन्होंने 10वें सांस्कृतिक ओलंपियाड में कथक नृत्य प्रस्तुत कर जूनियर वर्ग में कांस्य पदक जीता। यह आयोजन यूनेस्को की साझेदारी में ग्लोबल काउंसिल ऑफ आर्ट एंड कल्चर ने किया। उनके पिता श्री कमलेश दिल्लीवार छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग में निदेशक हैं। उन्हें पॉवर कंपनी की ओर से बधाई ।

## अजितेश का सम्मान

**दुर्ग** | मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर के सुपुत्र अजितेश जामुलकर को आईआईटी में चयनित होने पर डॉ बी.आर.अंबेडकर स्मृति जन कल्याण समिति भिलाई द्वारा 14 अक्टूबर को आयोजित 66वाँ धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर सम्मानित किया गया। इसमें पार्षद श्रीमती चन्द्रश्री बांधे, सेवानिवृत्त जिला सेशन न्यायाधीश श्री एम.डी. माहिलकर, सेवानिवृत्त जेलर श्री के.एल. अहरवाल, सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्री पी.एन. टेम्भुरकर, श्री एम.जामुलकर एवं श्रीमती किरण जामुलकर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## लखपति सिंदूर प्रथम

**रायपुर** | एमेचर पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन असम द्वारा गुवाहाटी में राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 20 से 24 सितम्बर 2022 तक किया गया। इस प्रतियोगिता में श्री लखपति सिंदूर ने 77 किलोग्राम केटेगरी में 350 किलोग्राम का वजन उठा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वे छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के डंगनिया औषधालय में कार्यरत हैं। उनकी यह उपलब्धि पॉवर कंपनी के साथ ही प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्हें पॉवर कंपनी की ओर से बधाई ।



## केवल एक पृथ्वी



धरा धरातल में तेरे
जाने क्या-क्या समाया है
पेड़-पौधे, जीव-जंतु
तुझसे जीवन पाया है।

गर्भ में तेरे जल समाया
जीवों का है कल समाया
बूंद-बूंद संजीवनी
जीवन का हल समाया।

अति जरूरत सभी की पानी
जीवन इसने बचाया है
पेड़-पौधे, जीव-जंतु
तुझसे जीवन पाया है।

धरा में वायु चारों ओर
मधुर-मधुर करते है शोर
अति आवश्यक जीवन के लिए
ये रखें जीवन की डोर।

बैठ पेड़ों पे करते हैं शोर
पंछी जो होते ही भोर
पर्यावरण से जीवन हमारा
इन्हीं से जीवन अंजोर

पर्यावरण आधार जीवन का
ये हमारी काया है
पेड़-पौधे, जीव-जंतु
तुझसे जीवन पाया है।

मत काटो पेड़ों को
मत काटो पर्यावरण
इसी से है जीवन हमारा
रखना सदैव स्मरण

भाग्यशाली हैं हम जो
पृथ्वी पर जीवन पाया है
पेड़-पौधे, जीव-जंतु
तुझसे जीवन पाया है।

**श्रीमती माधुरी साहू**
(डाटा एन्ट्री आपरेटर)
मड़वा

## सबसे सरल है हमारी हिंदी।



सबसे सरल है हमारी हिंदी।
जैसे हिंदुस्तान के माथे पर
सजी हो सुंदर बिंदी।।

अ है आरंभ और ज्ञ है अंत।
अनाड़ी को ज्ञानी बनाने में
हिंदी भाषा का महत्व है अनंत।।
लिपि है इसकी देवनागरी,
जननी है इसकी संस्कृत।
बारह खड़ी करती है
इस भाषा को अलंकृत।।

हर साहित्य की है यह ज्ञाता।
तभी तो हर कोई सहज ही
अपनाता।।
अ से अनाड़ी को ज्ञ से ज्ञानी
बनाता।
ऐसा है हम भारतवासियों का
हिंदी से नाता।।

सभी भाषाओं में है सबसे
परिष्कृत।
तभी तो है हिंदी भाषा जन-जन
को स्वीकृत।।

सुंदर सहज है हमारी हिंदी
भाषा।
जितना गहन अध्ययन करें,
उतनी बढ़ती है जिज्ञासा।।
प्रेम अपनापन सौंदर्य है इसका
और करना सम्मान हिंदी भाषा
का।
यह कर्तव्य है हम सभी का।।

**श्रीमती मंजरी सिंह**
(लेखाधिकारी)
कोरबा पूर्व

# प्रदेश में पहली बार विद्युतीकृत रेलवे लाईन क्रासिंग पर मल्टी सर्किट ट्रासंमिशन टॉवर का उपयोग

रायपुर जिले के खरोरा एवं आरंग तहसील के 200 से अधिक गांव को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के उद्देश्य से 132 के. व्ही. उपकेन्द्र निर्माण कार्य ग्राम बेलदारसिवनी में किया जा रहा है।

उक्त 28 किलोमीटर लंबी डबल सर्किट लाईन में लगभग एक चौथाई दूरी मल्टी सर्किट टॉवर में की जा रही है जो कि भविष्य में होने वाले शहरी विकास की दृष्टि से युक्तियुक्त है। इस मल्टी सर्किट लाईन के भाग में मुबई-हावड़ा रेलवेलाईन को पार करने हेतु सिलयारी रेलवे स्टेशन के निकट मोहगांव के समीप रेलवे लाईन को अति उच्च दाब मल्टी सर्किट टॉवर द्वारा रिकॉर्ड समय पर ट्रैफिक ब्लॉक कर तारों को पार करने का सफलतापूर्वक कार्य किया गया।

उल्लेखनीय है कि 220 के. व्ही. उपकेंद्र कुथरेल (धरसींवा) से निर्माणाधीन 132 के. व्ही. उपकेन्द्र खरोरा तक लगभग 50 करोड़ की लागत से 132 के. व्ही. अति उच्च दाब लाईन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। ट्रैफिक ब्लॉक प्राप्त करते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के रायपुर स्थित निर्माण संभाग के कर्मियों द्वारा 132 के. व्ही. निर्माणाधीन लाईन के चारों सर्किट सहित अर्थवायर की रेलवे लाईन पर स्ट्रिंगिंग (Stringing) का चुनौतिपूर्ण कार्य मात्र 1 घंटे 20 मिनट में पूर्ण किया गया।

उल्लेखनीय है कि यह मल्टी सर्किट टावर पर रेलवे ट्रैक में चार सर्किट की स्ट्रिंगिंग (Stringing ) का यह कार्य प्रदेश में अनूठा एवं पहला है।

इस उपकेन्द्र के लिए रायपुर जिले के धरसींवा ब्लॉक में स्थित कुथरैल ग्राम में 220 के. व्ही. उपकेन्द्र से लगभग 28 कि.मी. लंबी डबल सर्किट लाईन का निर्माण किया जा रहा है जिससे बेलदार सिवनी में नये उपकेन्द्र को विद्युत की आपूर्ति की जा सकेगी। कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल एवं कार्यपालक निदेशक(निर्माण एवं लाईन संधारण) श्री कैलाश नारनवरे ने इस उपलब्धि पर कर्मियों को बधाई दी है। इस कार्य को श्री व्ही.ए. देशमुख, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता द्वय श्री उमाकांत यादव एवं श्री अभिषेक दीवान सहित सहायक अभियंता अनुराग शर्मा, अनिल द्विवेदी, सुरेश कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार तिवारी एवं समस्त तकनीकी कर्मचारियों सहित ठेका कर्मियो ने अपने तकनीकी कौशल का परिचय दिया एवं इस कठिन कार्य को रिकार्ड समय में पूर्ण किया।




**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी, डंगनिया रायपुर**

▪ फोन: 0771-2574702 ▪ E-mail: procsphcl@gmail.com